## सुझाव

- परिचय सत्र के दौरान अभिभावक पात्रों की विवरणिका एवं अन्य सामग्री साथ में रखें और शांति से एकाग्रचित होकर परिचय का महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न करें।
- परिचय-पत्र के बाद पूरे समय भवन में ही रहें और माइक से अपनी पंजीयन संख्या पुकारे जाने पर तत्काल उपस्थित हों, जिससे इच्छुक अभिभावक से सम्पर्क हो सके। भवन में रहने और पंजीयन-संख्या पुकारने पर उपस्थित होने से ही परिचय सम्मेलन में आने का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।
- पात्र की नई फोटो तथा शिक्षा से संबंधित प्रमाण-पत्र की फोटो प्रति साथ में लावें। संबंध तय होने पर इनकी आवश्यकता पड़ सकती है।

### सामूहिक विवाह

अग्रवाल सभा द्वारा गुरुवार 23 नवम्बर 2023 ( तुलसी विवाह के दिन ) को सामूहिक विवाह का आयोजन है। इसमें सम्मिलित होने के इच्छुक युवक/युवती के अभिभावक कृपया कार्यालय से विस्तृत विवरण प्राप्त करें। परिचय सम्मेलन से बाहर एवं समस्त मारवाड़ी समाज के तय जोड़ों का भी सामूहिक विवाह में सहर्ष स्वागत है।

### कार्यक्रम

रविवार, दिनांक 24.09.2023

| | |
|---|---|
| उद्घाटन सत्र | - पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| भोजन अवकाश | - दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक |
| परिचय सत्र | - दोपहर 1 बजे से सांय 3 बजे तक |
| संबंध समन्वय | - सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक |
| समापन समारोह | - रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक |

अग्रवाल एवम् सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन

24 सितम्बर, 2023 ( रविवार )

## आवश्यक सूचनाएँ



-: आयोजक :-

**अग्रवाल सभा, राँची**

-: आयोजन स्थल एवं कार्यालय :-

**महाराजा अग्रसेन भवन**

अग्रसेन पथ, अपर बाजार, राँची - 834001
दूरभाष : 0651-4669881, 6207094970
E-mal : info@agarwalsabharanchi.in
Web. : www.agrawalsabharanchi.in, AGRAWAL SABHA, RANCHI

अग्रवाल एवम् सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन–2023

## आयोजक : अग्रवाल सभा, राँची

(सोसाइटिज एक्ट पंजीकरण सं. 192/2008–09)

महाराजा अग्रसेन भवन, अग्रसेन पथ, अपर बाजार, राँची–834001

फोन : 0651–4669881, 6207094970


प्रिय बन्धु,

दिनांक : 20-08-023

अग्रवाल सभा, राँची द्वारा गत कई वर्षों से वैवाहिक परिचय सम्मेलन तथा सामूहिक विवाह के सफल आयोजन किये जाते रहे हैं। आप सभी बन्धुओं के सहयोग से इन आयोजनों के उत्साहजनक परिणाम सामने आये हैं। सभा द्वारा इस वर्ष ***छबीसवाँ परिचय सम्मेलन*** एवं सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का ***उन्नतिसवाँ सामूहिक विवाह*** का आयोजन किया जा रहा है।।

कार्यक्रम निम्नलिखित है :-

| | | |
|---|---|---|
| **परिचय सम्मेलन** | : | रविवार 24 सितम्बर, 2023 |
| **स्थान** | : | महाराजा अग्रसेन भवन, अग्रसेन मार्ग, अपर बाजार, राँची |
| **सामुहिक विवाह** | : | गुरुवार 23 नवम्बर, 2023 (तुलसी विवाह के दिन) |

1. आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से सभी विवाह योग्य सन्तानों के अभिभावकों तक उपरोक्त आयोजनों की सूचना पहुँचाने का कष्ट करें, ताकि कोई भी इच्छुक अभिभावक जानकारी के अभाव में भाग लेने से वंचित न रह जाये।
2. आप से विशेष आग्रह है कि आप संलग्न प्रचार सामगी का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि ज्यादा से ज्यादा मारवाड़ी समाज के बन्धुओं तक इस आयोजन की सूचना पहुंच सके और वे इसका लाभ उठा सके।
3. दिनांक 23.09.2023, शनिवार को संध्या पहुँचने पर रात्रि का भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था अग्रसेन भवन में उपलब्ध है।

   अग्रवाल सभा, राँची द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन 1993 से अनवरत होता आ रहा है।

5. इस परिचय सम्मेलन में शिक्षित, सम्पन्न एवं सुसंस्कृत पात्र भाग ले रहे हैं, अत: उत्तम चयन का पर्याप्त अवसर मिलेगा। विशेषकर कन्याओं को सर्वोत्तम चुनाव का व्यापक मंच मिलेगा।
6. सभी युवतियों के अभिभावकों से निवेदन है कि आप अपनी युवतियों को नि:संकोच इस सम्मेलन में अवश्य लावें। आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस सामाजिक यज्ञ में सहयोग देकर यश के भागी बनें।

भवदीय:

| नन्दकिशोर पाटोदिया | भागचन्द पोद्दार | मनोज चौधरी |
|---|---|---|
| *अध्यक्ष* | *मुख्य संयोजक* | *मंत्री* |
| अग्रवाल सभा | 9835502630 | अग्रवाल सभा |
| 7004255656 | | 8210480684 |



# अग्रवाल एवम् सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का सामूहिक विवाह

## आयोजक : अग्रवाल सभा, राँची



**गुरुवार, 23 नवम्बर 2023**

(सोसाइटिज एक्ट पंजीकरण सं. 192/2008–09)

महाराजा अग्रसेन भवन, अग्रसेन पथ, अपर बाजार, राँची–1 • फोन : 0651–4669881, 6207094970

## हमारी व्यवस्थाएँ

1. सामूहिक विवाह मितव्ययिता व सादगी के साथ लेकिन पूर्ण पारंपरिक व वैदिक रीति से हो - ऐसा हमारा प्रयास है।

2. अतिथियों की संख्या यथासंभव कम रखें। किसी भी स्थिति में अतिथियों की संख्या प्रत्येक पक्ष की 15 से अधिक नहीं होगी।

3. वर पक्ष एवं वधू पक्ष के लिए आवास की व्यवस्था अग्रवाल सभा के द्वारा की गई है। कृपया अधिक जानकारी के लिए महाराजा अग्रसेन भवन कार्यालय में सम्पर्क करें।

4. भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था सभी लोगों के लिए एक ही स्थान पर महाराजा अग्रसेन भवन के द्वितीय तल्ले के सभागार में होगी।

5. कोरथ, वर-यात्रा, ढुकाव, फेरा, विदाई सभी हमारी व्यवस्था के अनुसार सभी जोड़ों का एक साथ किया जाना अनिवार्य है। शेष सभी नेगाचार यथा हल्दात, बान आदि करना चाहें तो समय की पाबंदी को ध्यान में रखते हुए अपनी-अपनी सुविधानुसार करने के लिए स्वतंत्र होंगे। मुद्दा व पहरावनी नहीं होगी।

6. ''वधू'' के लिए पहरावा सभा द्वारा भेंट किया जाएगा। विवाह के समय इसे ही पहनना है। ''वर के लिए वस्त्र वर पक्ष को अपना लाना है। साफा, किलंगी एवं कण्ठा सभा द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

7. पूजन व विवाह संस्कार हेतु विद्वान पंडितों, विवाह वेदी एवं मंडप आदि की व्यवस्था रहेगी।

8. पित्तरों की पत्तल की व्यवस्था रहेगी।